(क) एन0पी0एस0 योजना लागू होने के उपरान्त उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण उन्नाव से उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के 10 कार्मिक एवं उ0प्र0 विकास प्राधिकरण अकेन्द्रीयित सेवा के 11 कार्मिक अर्थात कुल 21 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए हैं।

(ख) उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्त 21 कार्मिकों में से 16 कार्मिक पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित है। पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित 15 कार्मिकों को पेंशन, अन्य विभागीय लाभों का भुगतान अद्यतन करा दिया गया हैं एवं 05 ऐसे कार्मिक जो पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित नहीं है, उनको पेंशन के अतिरिक्त अन्य विभागीय लाभों का भुगतान अद्यतन करा दिया गया है।

(ग) उ0प्र0 विकास प्राधिकरण अकेन्द्रीयित सेवा के 05 ऐसे कार्मिक जो पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित नहीं है, एन0पी0एस0 योजना में पंजीकृत होने से पूर्व सेवानिवृत्त हो जाने के कारण पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के एक कार्मिक को पेंशन व अन्य विभागीय लाभों का भुगतान, पेंशन सम्बन्धी प्रपत्र पूर्ण न होने के कारण नहीं किया गया है। प्रपत्र पूर्ण होने पर भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

**श्री योगी आदित्यनाथ (मा0 मुख्य मंत्री जी) , मा0 विभागीय मंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।**